राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–:प्रेस–नोट:–

एफ.7 (22) परीक्षा 'क' / प्राध्यापक / संस्कृत शिक्षा / 2019–20 / 438 दिनांक :08.07.2021

प्राध्यापक–(संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2020 के 09 विषयों की पात्रता जांच हेतु जारी विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों हेतु आयोजित काउंसलिंग दिनांक–05.07.2021 एवं दिनांक 06.07.2021 में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा दिनांक 12.07.2021, समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक पुनः काउंसलिंग में उपस्थित होने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है।

अतः ऐसे अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे काउंसलिंग के संबंध में पूर्व में जारी आवश्यक दिशा–निर्देश के तहत् वांछित दस्तावेंज आदि के साथ उक्त उल्लेखित दिवस में काउंसलिंग हेतु स्थल–राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर में उपस्थित होवें। इस हेतु पूर्व मे ऑनलाईन जारी काउंसलिंग–पत्र मान्य होगा अलग से कोई पत्र जारी नही किया जायेगा। विस्तृत जानकारी हेतु आयोग के पूर्व प्रेस–नोट दिनांक 25.06.2021 का आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन करे।

काउंसलिंग में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा परिणाम हेतु विचारित नही किया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

काउंसलिंग हेतु उपस्थित होने वाले सभी अभ्यर्थी काउंसलिंग दिनांक से 72 घंटे पूर्व तक की कोरोना (कोविड-19) जांच रिपोर्ट आवश्यक रूप से आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करें।

काउंसलिंग में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता देय नही होगा।

(नीतू यादव)
संयुक्त सचिव